# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

**J 2 0 1 3**

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

# हिन्दी

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** 'वट पीपल' के लेखक कौन हैं ?
(A) हरिवंशराय बच्चन
(B) निर्मल वर्मा
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) रामकुमार वर्मा

**2.** 'समांतर कहानी' के पुरस्कृता हैं
(A) महीपसिंह
(B) कमलेश्वर
(C) मोहन राकेश
(D) राजेन्द्र यादव

**3.** 'शेषयात्रा' की लेखिका कौन हैं ?
(A) उषा प्रियंवदा
(B) कृष्णा सोबती
(C) नासिरा शर्मा
(D) मन्नू भण्डारी

**4.** हिन्दी साहित्य के प्रथम इतिहासकार हैं
(A) जॉर्ज ग्रियर्सन
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) शिवसिंह सेंगर
(D) गार्सा द तासी

**5.** 'कुमारपाल प्रतिबोध' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) हेमचन्द्र
(B) सारंगधर
(C) सोमप्रभु सूरि
(D) विद्याधर

**6.** निम्नलिखित में कौन सी रचना उपन्यास नहीं है ?
(A) अजय की डायरी
(B) एक साहित्यिक की डायरी
(C) जयवर्धन
(D) पहला गिरमिटिया

**7.** इनमें से कौन नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में नहीं है ?
(A) रामनारायण मिश्र
(B) श्यामसुन्दर दास
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) ठाकुर शिवकुमार सिंह

**8.** इनमें कौन वैष्णव भक्ति का आचार्य नहीं है ?
(A) शंकराचार्य
(B) रामानुजाचार्य
(C) वल्लभाचार्य
(D) मध्वाचार्य

**9.** जगनिक की रचना कही जाती है
(A) बीसलदेव रासो
(B) परमाल रासो
(C) पृथ्वीराज रासो
(D) आल्ह खण्ड

**10.** 'झोपड़ी से राजभवन तक' के लेखक कौन हैं ?
(A) नैमिलराय
(B) माताप्रसाद
(C) कंवल भारती
(D) सूरजपाल चौहान

**11.** 'राम की शक्तिपूजा' की यौगिक प्रक्रिया का स्रोत क्या है ?
(A) वेदान्त
(B) योगवाशिष्ठ
(C) नव वेदान्त
(D) हठ योग

**12.** इनमें से कौन 'तार सप्तक' के कवि नहीं हैं ?
(A) भारत भूषण अग्रवाल
(B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) प्रभाकर माचवे
(D) गिरिजाकुमार माथुर

**13.** 'एक हथौड़ा वाला घर में और हुआ' किसकी पंक्ति है ?
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) रामदरश मिश्र
(C) रामकुमार वर्मा
(D) शिवमंगलसिंह सुमन

**14.** प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धंधा' किसने कहा है ?
(A) नगेन्द्र
(B) शिवदानसिंह चौहान
(C) रामकुमार वर्मा
(D) नन्ददुलारे वाजपेई

**15.** 'अगले जनम मोहि बिटिया न कीजो' की लेखिका कौन हैं ?
(A) मधु कांकरिया
(B) अनामिका
(C) उषा राजे सक्सेना
(D) मृणाल पाण्डेय

16. ‘अग्निपथ के पार चंदन-चांदनी का देश’ किसकी पंक्ति है ?
   (A) हरिवंशराय बच्चन
   (B) महादेवी वर्मा
   (C) रामनरेश त्रिपाठी
   (D) नरेन्द्र शर्मा

17. ‘आनंद कादम्बिनी’ के संपादक कौन थे ?
   (A) बाबू महादेव सेठ
   (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
   (C) बदरीनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’
   (D) अम्बिका प्रसाद व्यास

18. ‘गोबर गणेश’ उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
   (A) रमेशचन्द्र शाह
   (B) विवेकीराय
   (C) शिवप्रसाद सिंह
   (D) शैलेश मटियानी

19. ‘फादर कामिल बुल्के’ को हिन्दी साहित्य में महत्त्व दिए जाने का कारण है
   (A) कोश निर्माण
   (B) ये सभी
   (C) रामकथा लेखन
   (D) तुलसी साहित्य के विशेषज्ञ

20. ‘आत्माराम की टें – टें’ निबन्ध में आत्माराम के प्रतीक हैं
   (A) गोविन्द नारायण मिश्र
   (B) गोपालराम ‘गहमरी’
   (C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (D) बालमुकुन्द गुप्त

21. प्रकाशन के अनुसार इन आलोचना ग्रंथों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
   (A) प्रेमचंद और उनका युग – हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष – छायावाद – हिन्दी नवरत्न
   (B) हिन्दी नवरत्न – प्रेमचंद और उनका युग – हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष – छायावाद
   (C) हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष – छायावाद – हिन्दी नवरत्न – प्रेमचंद और उनका युग
   (D) छायावाद – हिन्दी नवरत्न – प्रेमचंद और उनका युग – हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष

22. जन्म के आधार पर इन निबंधकारों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
   (A) रामवृक्ष बेनीपुरी – वासुदेवशरण अग्रवाल – भगवतशरण उपाध्याय – डॉ. संपूर्णानन्द
   (B) वासुदेवशरण अग्रवाल – भगवतशरण उपाध्याय – डॉ. संपूर्णानन्द – रामवृक्ष बेनीपुरी
   (C) भगवतशरण उपाध्याय – डॉ. संपूर्णानन्द – रामवृक्ष बेनीपुरी – वासुदेवशरण अग्रवाल
   (D) डॉ. संपूर्णानन्द – रामवृक्ष बेनीपुरी – वासुदेवशरण अग्रवाल – भगवतशरण उपाध्याय

23. प्रकाशन वर्ष के आधार पर इन उपन्यासों का सही अनुक्रम क्या है ?
   (A) रुकोगी नहीं, राधिका – आपका बंटी – सूरजमुखी अँधेरे के – चित्तकोबरा
   (B) आपका बंटी – सूरजमुखी अँधेरे के – चित्तकोबरा – रुकोगी नहीं, राधिका
   (C) सूरजमुखी अँधेरे के – चित्तकोबरा – रुकोगी नहीं, राधिका – आपका बंटी
   (D) चित्तकोबरा – रुकोगी नहीं, राधिका – आपका बंटी – सूरजमुखी अँधेरे के

24. प्रसाद के नाटकों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
   (A) विशाख – अजातशत्रु – स्कन्दगुप्त – राज्यश्री
   (B) अजातशत्रु – स्कन्दगुप्त – राज्यश्री – विशाख
   (C) राज्यश्री – विशाख – अजातशत्रु – स्कन्दगुप्त
   (D) स्कन्दगुप्त – राज्यश्री – विशाख – अजातशत्रु

25. जैनेन्द्रकुमार के उपन्यासों का सही अनुक्रम कौन सा है ?
   (A) त्यागपत्र – कल्याणी – सुखदा – सुनीता
   (B) सुनीता – त्यागपत्र – कल्याणी – सुखदा
   (C) कल्याणी – सुखदा – सुनीता – त्यागपत्र
   (D) सुखदा – सुनीता – त्यागपत्र – कल्याणी

26. काल के अनुसार निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम क्या है ?
   (A) भामह – दण्डी – आनन्दवर्द्धन – अभिनवगुप्त
   (B) दण्डी – आनन्दवर्द्धन – अभिनवगुप्त – भामह
   (C) आनन्दवर्द्धन – अभिनवगुप्त – भामह – दण्डी
   (D) अभिनवगुप्त – भामह – दण्डी – आनन्दवर्द्धन

**27.** चरण में वर्णों की संख्या (कम से अधिक) के आधार पर इन वर्णिक छंदों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) वसन्त तिलका – मन्दाक्रान्ता – शार्दूल विक्रीडित – इन्द्रवज्रा

(B) मन्दाक्रान्ता – शार्दूल विक्रीडित – इन्द्रवज्रा – वसन्त तिलका

(C) शार्दूल विक्रीडित – इन्द्रवज्रा – वसन्त तिलका – मन्दाक्रान्ता

(D) इन्द्रवज्रा – वसन्त तिलका – मन्दाक्रान्ता – शार्दूल विक्रीडित

**28.** आदिकाल के निम्नलिखित रचनाकारों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) गोरखनाथ – अमीर खुसरो – विद्यापति – सरहपा

(B) अमीर खुसरो – विद्यापति – सरहपा – गोरखनाथ

(C) सरहपा – गोरखनाथ – अमीर खुसरो – विद्यापति

(D) विद्यापति – सरहपा – गोरखनाथ – अमीर खुसरो

**29.** स्थापना के आधार पर इन हिन्दी संस्थाओं का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) काशी नागरी प्रचारणी सभा – हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग – राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा – साहित्य अकादमी

(B) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग – राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा – साहित्य अकादमी – काशी नागरी प्रचारणी सभा

(C) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा – साहित्य अकादमी – काशी नागरी प्रचारणी सभा – हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

(D) साहित्य अकादमी – काशी नागरी प्रचारणी सभा – हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग – राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा

**30.** जन्म के आधार पर इन कवियों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) सूरदास – परमानंद दास – कृष्णदास – कुंभनदास

(B) कुंभनदास – सूरदास – परमानंद दास – कृष्णदास

(C) परमानंद दास – कृष्णदास – कुंभनदास – सूरदास

(D) कृष्णदास – कुंभनदास – सूरदास – परमानंद दास

**31.** निम्नलिखित भाषा रूपों और उनके प्रयोक्ताओं को सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. दक्खिनी | i. दामोदर पंडित |
| b. कोसली | ii. कुतुबशाह |
| c. ब्रजबुलि | iii. सरहदपाद |
| d. संधाभाषा | iv. शंकर देव अवतरे |
| | v. कुतुबन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | ii | iii | iv | v |
| (D) | v | iv | ii | i |

**32.** निम्नलिखित इतिहासग्रंथों को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. हिन्दी साहित्य का अतीत | i. रामस्वरूप चतुर्वेदी |
| b. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास | ii. गणपति चन्द्र गुप्त |
| c. हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास | iii. रामकुमार वर्मा |
| d. हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास | iv. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र |
| | v. डॉ. नगेन्द्र |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | v |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**33.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. बीजक | i. जायसी |
| b. अखरावट | ii. कबीर |
| c. भक्तमाल | iii. नन्ददास |
| d. श्याम सगाई | iv. नाभादास |
| | v. हितहरिवंश |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | iii | ii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | iii | ii | i |

**34.** निम्नलिखित रचनाओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | छत्रसाल दशक | i. | घनानन्द |
| b. | कवि कुल कल्पतरू | ii. | देव |
| c. | भाव विलास | iii. | भूषण |
| d. | इश्कलता | iv. | चिन्तामणि |
| | | v. | सूरदास |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**35.** निम्नलिखित काव्य छंदों को उनके प्रयोक्ता कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | सॉनेट | i. | अज्ञेय |
| b. | हाइकू | ii. | त्रिलोचन |
| c. | सवैया | iii. | गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' |
| d. | कवित्त | iv. | अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| | | v. | मंगलेश डबराल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | iv | ii | v | i |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**36.** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों के साथ उनके कवियों को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | चिर सजग आँखें उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना | i. | महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| b. | रूपोद्यान प्रफुल्लप्राय कलिका राकेंदु बिम्बानना | ii. | मैथिलीशरण गुप्त |
| c. | वेदने ! तू भी भली बनी | iii. | महादेवी वर्मा |
| d. | सुरम्य रम्ये, रस राशि रंजिते | iv. | अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' |
| | | v. | सुभद्राकुमारी चौहान |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | v | iii | i | ii |
| (C) | ii | i | v | iv |
| (D) | iii | ii | i | v |

**37.** निम्नलिखित नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | बंधन अपने-अपने | i. | सुरेन्द्र वर्मा |
| b. | सिन्दूर की होली | ii. | शंकर शेष |
| c. | अशोक का शोक | iii. | लक्ष्मी नारायण लाल |
| d. | नायक, खलनायक, विदूषक | iv. | मोहन राकेश |
| | | v. | रामकुमार वर्मा |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iv | ii | iii |
| (B) | ii | iii | v | i |
| (C) | v | i | iii | ii |
| (D) | iii | ii | i | v |

**38.** निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | लाल पान की बेगम | i. | रामदरश मिश्र |
| b. | एक औरत की जिन्दगी | ii. | निर्मल वर्मा |
| c. | लन्दन की एक रात | iii. | फणीश्वरनाथ रेणु |
| d. | शवयात्रा | iv. | श्रीकांत वर्मा |
| | | v. | कृष्ण बलदेव वैद |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | iii | i | v |
| (D) | iii | i | ii | iv |

**39.** निम्नलिखित पंक्तियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है । | i. | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| b. | श्रद्धेय बनने का मतलब है 'नान परसन' अव्यक्ति हो जाना । | ii. | रामचन्द्र शुक्ल |
| c. | काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है । | iii. | बालमुकुन्द गुप्त |
| d. | पंडिताई भी एक बोझ है । | iv. | हरिशंकर परसाई |
| | | v. | जयशंकर प्रसाद |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | v |
| (C) | ii | v | iv | iii |
| (D) | ii | iv | v | i |

**40.** निम्नलिखित अवधारणाओं के साथ उनके संस्थापकों को सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | सहृदय | i. | भट्टनायक |
| b. | साधारणीकरण | ii. | आनन्दवर्धन |
| c. | मधुमती भूमिका | iii. | जगदीश गुप्त |
| d. | अर्थ की लय | iv. | केशवप्रसाद मिश्र |
| | | v. | अभिनवगुप्त |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | v |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**41.** **स्थापना** (Assertion) **A** : उपमान को अप्रस्तुत विधान मानना हिन्दी का प्राचीन सिद्धान्त है ।

**तर्क** (Reason) **R** : यह स्थापना आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की है अर्थात् यह नवीन सिद्धान्त है ।

(A) A सही, R गलत
(B) A गलत, R सही
(C) A और R दोनों सही
(D) A और R दोनों गलत

**42.** **स्थापना** (Assertion) **A** : अस्तित्ववाद विज्ञान विरोधी दर्शन है ।

**तर्क** (Reason) **R** : यह 'चयन' की अगाध छूट देता है और अराजकता, अनास्था तथा अतिस्वच्छन्दता को प्रश्रय देता है । विज्ञान का भी यह अंध समर्थन नहीं करता ।

(A) A और R दोनों सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A सही, R गलत
(D) A गलत, R सही

**43.** **स्थापना** (Assertion) **A** : काव्य का सर्वस्व है 'काव्यालंकार' । इसके रहते अन्य किसी की आवश्यकता नहीं ।

**तर्क** (Reason) **R** : काव्यालंकार में 'रसध्वनि', 'रसवदलंकार' आदि समस्त सम्प्रदायों का स्वत: सन्निवेश हो जाता है । वही सच्चे अर्थों में शोभाकारक धर्म है ।

(A) A और R दोनों सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A सही, R गलत
(D) A गलत, R सही

**44.** **स्थापना** (Assertion) **A** : बिंब का मुख्य ध्येय होता है, वर्ण्य विषय का ऐन्द्रिय प्रतिबिंबन ।

**तर्क** (Reason) **R** : बिंब-विधायक रचनाकार ज्ञानेन्द्रियों के माध्यम से अपने भावों का सम्मूर्त्तन करके उनका संप्रेषण करता है और अपने बिंब से पाठक को जोड़ता है ।

(A) A सही, R गलत
(B) A गलत, R सही
(C) A और R दोनों सही
(D) A और R दोनों गलत

**45.** **स्थापना** (Assertion) **A** : 'स्वच्छंदवाद' न छायावाद है, न रहस्यवाद ।

**तर्क** (Reason) **R** : यह शास्त्रीय जड़ता की प्रतिक्रिया से उत्पन्न वैयक्तिक कल्पनातिरेक और निजी रहस्यानुभूति की उपज है ।

(A) A और R दोनों सही
(B) A और R दोनों गलत
(C) A सही, R गलत
(D) A गलत, R सही

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे सम्बन्धित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के दिए गए बहु-विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

व्यक्ति-सम्बन्ध-हीन सिद्धान्त-मार्ग निश्चयात्मिका बुद्धि को चाहे व्यक्त हो, पर प्रवर्तक मन को अव्यक्त रहते हैं । वे मनोरंजनकारी तभी लगते हैं, जब किसी व्यक्ति के जीवन-क्रम के रूप में देखे जाते हैं । शील की विभूतियाँ अनन्त रूपों में दिखाई पड़ती हैं । मनुष्य जाति ने जब से होश सँभाला, तब से वह इन अनन्त रूपों को महात्माओं के आचरणों तथा आख्यानों और चरित्र-सम्बन्धी पुस्तकों में देखती चली आ रही है । जब इन रूपों पर मनुष्य मोहित होता है, तब सात्विक शील की ओर आप से आप आकर्षित होता है । शून्य सिद्धान्त वाक्यों में कोई आकर्षण-शक्ति या प्रवृत्तिकारिणी क्षमता नहीं होती । 'सदा सत्य बोलो', 'दूसरों की भलाई करो', 'क्षमा करना सीखो' – ऐसे-ऐसे सिद्धान्त वाक्य किसी को बार-बार बकते सुन वैसा ही क्रोध आता है जैसे किसी बेहूदे की बात सुनकर । जो इस प्रकार की बातें करता चला जाय उससे चट कहना चाहिए – 'बस चुप रहो, तुम्हें बोलने की तमीज नहीं, तुम बच्चों या कोल-भीलों के पास जाओ । ये बातें हम पहले से जानते हैं । मानव-जीवन के बीच हम इसके सौन्दर्य का विकास देखना चाहते हैं । यदि तुम्हें दिखाने की प्रतिभा या शक्ति हो तो दिखाओ, नहीं तो चुपचाप अपना रास्ता लो ।' गुण प्रत्यक्ष नहीं होता, उसके आश्रय और परिणाम प्रत्यक्ष होते हैं । अनुभावात्मक मन को आकर्षित करनेवाले आश्रय और परिणाम हैं, गुण नहीं । ये ही अनुभूति के विषय हैं । अनुभूति पर प्रवृत्ति और निवृत्ति निर्भर हैं । अनुभूति मन की पहली क्रिया है, संकल्प-विकल्प दूसरी । अत: सिद्धान्त-पथों के सम्बन्ध में जो आनन्दानुभव करने की बातें हैं, जो अच्छी लगने की बातें हैं, वे पथिकों में तथा उनके चारों ओर पाई जाएँगी । सत्पथ के दीपक उन्हीं के हाथ में हैं – या वे ही सत्पथ के दीपक हैं । सत्वोन्मुख प्राणियों के लिए ऐसे पथिकों के सामीप्य-लाभ की कामना करना स्वाभाविक ही है ।

**46.** मनुष्य सात्विक शील की ओर आप ही आप आकर्षित कब होता है ?

(A) जब शील की विभूतियों के अनन्त रूपों पर मोहित होता है ।

(B) शून्य सिद्धान्त वाक्यों को सुनकर ।

(C) जब वह काव्य गुणों को पढ़ता है ।

(D) निश्चयात्मक बुद्धि का जब उदय होता है ।

**47.** प्रवृत्ति और निवृत्ति किस पर निर्भर हैं ?

(A) कविता के आस्वादन पर ।

(B) कविता के गुणों पर ।

(C) अनुभूति पर ।

(D) महात्माओं के आचरण पर ।

**48.** मन की दूसरी क्रिया क्या है ?

(A) अनुभूति ।

(B) सौन्दर्य ।

(C) प्रत्यक्षानुभूति ।

(D) संकल्प-विकल्प ।

**49.** व्यक्ति-सम्बन्धहीन सिद्धांत मार्ग मनोरंजनकारी कब लगते हैं ?

(A) निश्चयात्मक बुद्धि के अभाव में ।

(B) सिद्धांतकारी वाक्यों को सुनकर ।

(C) जब वे किसी व्यक्ति के जीवनक्रम के रूप में देखे जाते हैं ।

(D) सत्वोन्मुख प्राणियों के वचन सुनकर ।

**50.** मानव-जीवन के बीच हम किस सौन्दर्य का विकास देखना चाहते हैं ?

(A) संकल्प-विकल्प का ।

(B) सिद्धांत-वाक्यों में निहित बातों का ।

(C) बच्चों को अच्छे-अच्छे सिद्धांत वाक्य सुनाने का ।

(D) गुण-कथन का ।

## Space For Rough Work

**उत्तरमाला**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (A) | 4. (D) | 5. (C) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (A) | 9. (B) | 10. (B) |
| 11. (A) | 12. (B) | 13. (*) | 14. (D) | 15. (B) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (A) | 19. (B) | 20. (A) |
| 21. (D) | 22. (D) | 23. (B) | 24. (C) | 25. (B) | 26. (A) | 27. (D) | 28. (C) | 29. (A) | 30. (B) |
| 31. (B) | 32. (C) | 33. (C) | 34. (D) | 35. (D) | 36. (A) | 37. (B) | 38. (D) | 39. (D) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (D) | 43. (A) | 44. (C) | 45. (A) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (D) | 49. (C) | 50. (B) |